आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.07.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

<u>चुनाव परिणाम</u>

कांग्रेस पार्टी ने देहरा और नालागढ़ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर ली है जबकि हमीरपुर विधानसभा सीट भाजपा की झोली में गई है। इन तीनों क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले गए थे और आज मतगणना की गई। देहरा विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर चुनाव जीत गई हैं। उन्हें कुल 32 हज़ार 7 सौ 37 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के होशियार सिंह ने 23 हज़ार 3 सौ 38 वोट प्राप्त किए। कमलेश ठाकुर ने 9 हज़ार 3 सौ 99 मतों से जीत हासिल की है। इसके अलावा 3 निर्दलीय प्रत्याशियों अरूण अंकेश स्याल, सुलेखा चौधरी और संजय शर्मा की ज़मानत ज़ब्त हो गई है। देहरा विधानसभा सीट पर एक सौ 50 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। कांग्रेस की कमलेश ठाकुर को लगभग 58 फीसदी और भाजपा के होशियार सिंह को 41 दशमलव 3 फीसदी मत पड़े हैं। देहरा में कांग्रेस पार्टी को 25 साल बाद जीत हासिल हुई है। वर्ष 1998 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की विप्लव ठाकुर ने जीत हासिल की थी, हालांकि उस समय देहरा जसवां विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा था। वर्ष 2012 में हुए पुनर्सीमांकन के बाद देहरा को विधानसभा क्षेत्र बनाया गया।

उधर, नालागढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के के.एल. ठाकुर को 8 हज़ार 9 सौ 90 मतों से पराजित किया। हरदीप सिंह बावा को 34 हज़ार 6 सौ 8 जबकि के.एल. ठाकुर को 25 हज़ार 6 सौ 18 वोट पड़े। हमीरपुर विधानसभा सीट भाजपा की झोली में गई है। यहां से पार्टी प्रत्याशी आशीष शर्मा ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के पुष्पिंदर वर्मा को एक हज़ार 5 सौ 71 मतों के मामूली अंतर से पराजित किया। भाजपा के आशीष शर्मा को 27 हज़ार 41 जबकि कांग्रेस के पुष्पिंदर वर्मा को 25 हज़ार 4 सौ 70 वोट मिले हैं। इस जीत के साथ ही विधानसभा में अब कांग्रेस सदस्यों की संख्या 40 हो गई है जबकि भाजपा के विधायकों की संख्या भी बढ़कर 28 पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि इन तीनों सीटों पर निर्दलीय विधायकों द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद उपचुनाव करवाए गए और खास बात ये रही कि इन तीनों ने भाजपा की टिकट पर उपचुनाव लड़ा।

<u>प्रतिक्रिया–सीएम</u>

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने दो विधानसभा सीटों पर भारी मतों से जीत दिलाने के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने धनबल को हरा कर जनबल को जीत दिलाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये मतदाताओं के साथ–साथ पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि जिस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी, उस समय पार्टी के विधायकों की संख्या 40 थी और फरवरी में भाजपा ने षड्यंत्र रचकर चुनी हुई सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की जीत के साथ ही अब फिर से हमारे विधायकों की संख्या 40 हो गई है। उन्होंने कहा कि इस जनादेश से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की जनता ने खरीद–फरोख्त की राजनीति को नकारा है और लोग राज्य सरकार की नीतियों से खुश हैं। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जीत से ये तय हो गया है कि अगले 50 साल तक राज्य में कोई भी मजबूत सरकार को गिराने का प्रयास नहीं करेगा।

<u>प्रतिभा सिंह–विक्रमादित्य</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी इस जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूरे देश में जहां–जहां उपचुनाव हुए हैं, वहां इंडिया गठबंधन की जीत हुई है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में दो सीटों पर कांग्रेस को मिली जीत से साबित हो गया है कि राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रदेश की जनता खुश है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने लोगों के साथ जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा है।

इस बीच, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उपचुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। उन्होंने भाजपा को इस हार से सबक लेते हुए सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की सलाह दी है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि पति मुख्यमंत्री हैं और उनकी धर्मपत्नी विधायक होंगी।

<u>जयराम–अनुराग</u>

दूसरी ओर, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आशीष शर्मा हमीरपुर क्षेत्र के विकास में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और लोगों की समस्याओं को पुरज़ोर ढंग से विधानसभा में उठाते रहेंगे।

....